**लोक अदालत** ▶ नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौते से विवादों का हुआ निपटारा, जिले में 21 खण्डपीठों का किया गया था गठन

# लंबित 584 प्रकरणों का किया गया निराकरण

**नवभारत,दमोह 13 दिसंबर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार परस्पर समझौते के आधार पर त्वरित व सुलभ न्याय दिये जाने के उद्देश्य से नेशनल लोक अदालत जिला न्यायालय दमोह तथा तहसील न्यायालय, हटा, तेंदूखेड़ा में प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह सुभाष सोलंकी के मार्गदर्शन में संपन्न हुई.

जिला मुख्यालय दमोह में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ विशेष न्यायाधीश, प्रभारी अधिकारी नेशनल लोक अदालत उदय सिंह मरावी द्वारा एडीआर भवन में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया गया. विशेष न्यायाधीश, प्रभारी अधिकारी नेशनल लोक अदालत उदय सिंह मरावी ने संबोधित करते हुये कहा कि मोटर दुर्घटना व चैक बाउंस के प्रकरणों की प्रिसिटिंग आयोजित किये जाने हेतु निर्देश दिये गये थे. प्रकरणों के निराकरण हेतु संपूर्ण जिले में 21 खण्डपीठों का गठन किया गया है.





### एक करोड़ रुपये के अवॉर्ड पारित

नेशनल लोक अदालत में मोटर दुर्घटना के 25 प्रकरणों में राशि एक करोड़ इक्कीस लाख अड़सठ हजार रूपये के अवॉर्ड पारित किये जाकर न्यायालयों में लंबित विद्युत के 122, वैवाहिक के 11, चैक अनादरण के 67 व दांडिक के 253 प्रकरणों सहित 584 प्रकरणों का नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकरण किया जाकर कुल तीन करोड़ साठ लाख तैंतीस हजार रूपये के अवार्ड पारित किये गये.

### कुटुम्ब न्यायालय में 43 प्रकरण सुलझे

कुटुम्ब न्यायालय में लंबित 43 प्रकरणों में पति-पत्नि के द्वारा प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मोहम्मद अजहर व सुलहकर्ता अधिवक्ता द्वारा समझाइश दिये जाने पर आपसी राजीनामा कर अपने प्रकरणों को खुशी-खुशी समाप्त किया. न्यायालय में लंबित भरण पोषण के एक प्रकरण में पत्नि के द्वारा पति के विरूद्ध प्रकरण प्रस्तुत कर स्वयं एवं अपने 3 बच्चों के लिये भरण पोषण राशि की मांग की गई थी.

### भाई-बहनों के बीच संपत्ति के विवाद का हुआ निपटारा

द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड दमोह अनुप्रेक्षा जैन के न्यायालय में लंबित प्रकरण भाईयों द्वारा अपनी 4 बहनों के विरूद्ध दमोह शहर में स्थित मकान व दुकान व पथरिया स्थित लगभग 4 हेक्टेयर भूमि के संबंध में घोषणा व स्थायी निषेधाज्ञा हेतु प्रस्तुत किया गया था. इसमें राजीनामा की संभावना को देखते हुये उक्त प्रकरण नेशनल लोक अदालत में रखा गया था. समझाइश दिये जाने पर दोनों पक्ष इस बात पर राजी हुये कि प्रतिवादी क्रमांक 1 बहन सीमा द्वारा ग्राम खौजाखेड़ी की भूमि रकवा 0.78 है. लखनलाल कोरी प्रतिवादी क्रमांक 5 को विक्रय कर दी और अपना हिस्सा प्राप्त कर लिया है, वादीगण उक्त प्रकरण के संबंध में भविष्य में कोई कार्यवाही नही करेंगे.



## किसानों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए : कोठिया

**कुम्हारी नवभारत 13 दिसंबर।** कुलुवा कुम्हारी समिति के तत्वाधान में उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया सहायक पंजीयक सौरभ कोठिया ने समिति को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसानों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। समिति द्वारा अभी तक 40 लाख से अधिक ऋण वसूल किया जा चुका है, वही लाभान्वित किसानों संख्या 234 रही। इस दौरान समिति प्रबंधक आंनद जैन, सहित सर्वेयर उपस्थित रहे। उन्होंने किसानों से बिंदुवार चर्चा की। इस दौरान उन्होंने शासन के दिशा निर्देश अनुसार खरीदी केंद्र का संचालन करने के निर्देश दिए।

## अकेलेपन में बुझ गई एक जिंदगी....



▶ परिजनों के अभाव में समाजसेवियों ने किया अंतिम संस्कार

**नवभारत,बटियागढ़ 13 दिसंबर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जुड़ी नदी के पुल के नीचे पानी में मिले शव की पहचान सरिया निवासी बोरा पिता कलू अहिरवार (50 वर्ष) के रूप में हुई है, जो वर्तमान में घनश्यामपुरा में निवासरत था. घटना ने पूरे क्षेत्र को गमगीन कर दिया.

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह नदी में शव तैरता देख लोगों में अफ़रा-तफ़री मच गई और पुल पर भारी भीड़ जुट गई. सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया. जांच के दौरान शव के एक हाथ में टॉर्च और दूसरे हाथ में जूता पाया गया, जिससे घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है. पुलिस ने पंचनामा बनाकर पोस्टमॉर्टम कराया. जांच में सामने आया कि मृतक अपने घर में अकेला रहता था और उसका कोई भी परिजन नहीं है. इस कारण अंतिम संस्कार को लेकर असमंजस की स्थिति बनी.

### मानवता का दिया परिचय

ऐसे समय में स्थानीय समाजसेवी बटियागढ़ के सरपंच प्रतिनिधि श्रीकांत पटेल, रवि विश्वकर्मा, पत्रकार साहब सिंह, राजेंद्र तिवारी ने मानवता का परिचय देते हुए आगे बढ़कर मृतक का विधिवत अंतिम संस्कार कराया. पुलिस द्वारा मौत के कारणों की जांच जारी है. पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि मौत किन परिस्थितियों में हुई. इस घटना ने जहां अकेलेपन की पीड़ा को उजागर किया, वहीं समाजसेवियों की पहल ने यह साबित कर दिया कि इंसानियत आज भी ज़िंदा है.

## स्व. डेलन अहिरवार को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

**तेंदूखेड़ा नवभारत 13 दिसंबर।** जनपद क्षेत्र अंतर्गत नगर से 7 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत धन गौर निवासी डेलन अहिरवार का निधन 11 दिसंबर को जबलपुर में हो गया। उन्होंने मृत्यु उपरांत अपना शव मेडिकल कॉलेज को दान करने का संकल्प लिया था, जिसे परिजनों ने उनके शव को मेडिकल कालेज जबलपुर को दान कर दिया।

डेलन अहिरवार के शव को मेडिकल कॉलेज की टीम ने तिरंगा लहराकर गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया। डेलन अहिरवार पशु विभाग में पदस्थ गुलशन अहिरवार के बड़े पिता थे गुलशन अहिरवार तेंदूखेड़ा में एसडीएम कार्यालय में रीडर रहे है। अभी जबलपुर में पशु चिकित्सा विभाग में सेवाएं दे रहे। डेलन अहिरवार की इस पहल का लोग स्वागत योग्य कदम बताकर प्रशंसा कर रहे है।

## गांव इमलिया एक अदद सड़क को मोहताज

**आवागमन हो रही परेशानी ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से सड़क निर्माण की मांग की**

**कुम्हारी नवभारत 13 दिसंबर।** पटेरा से जुड़ी ग्राम पंचायत इमलिया के ग्रामीण प्राचीन सभ्यता का जीवन जीने मजबूर है। यहां सड़क नहीं है और गांव के लोग कच्ची पगडंडी के सहारे ही आवागमन करते हैं।

वास्तविकता में शासन की योजना कितनी जनता के बीच पहुंच रही है इस गांव को देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। आजादी के 79 साल पूरे होने के बावजूद भी आज ग्रामीण सड़क के लिए मोहताज है। यहां विकास के सारे वादों की पोल खुल रही है। कोई जनप्रतिनिधि या कहे जनता का सेवक अपनी निगाहें क्यों नहीं डालता। ग्रामीणों का कहना है बहुत बार शासन प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद भी विकास की प्रबल धारा से आज भी हम नहीं जुड़े हैं।




### विकास की धारा से जोड़ने की मांग

ग्रामीणों ने बताया कि जिले के मुखिया से ग्रामीणों ने मांग की है कि हमें विकास की प्रबल धारा से जोड़ने का प्रयास किया जाए। हटा विधानसभा में ऐसे कई और भी गांव है, जहां सड़क मार्ग से आज भी लोग वंचित हैं। ग्रामीणों ने जल्द सड़क बनाने की मांग की है। इमलिया से पटेरा तहसील किसी कार्य को करने जाते तो लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, यदि सड़क बन जाए तो आने जाने में सुविधा होगी।

**इनका कहना है**



गांव में सड़क का निर्माण नहीं हुआ। शासन व प्रशासन को इस बारे में अवगत कराया गया है। सड़क नहीं होने से आवागमन में भारी दिक्कत होती है।

**संतोष यादव, ग्रामीण**



सड़क नहीं बनने के कारण बरसात के दौरान आने-जाने में समस्याओं को सामना करना पड़ता है।

**संतोष रानी महिला**

## एक नजर में



### सालगिरह पर बच्चों को शिक्षा सामग्री वितरित की

**नवभारत,दमोह।** भाजपा बनवार मंडल अध्यक्ष रोहित जैन रिंकू ने अपनी विवाह वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पीएम श्री हायर सेकेंडरी विद्यालय घटेरा में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को कंपास सेट वितरित किए।कार्यक्रम के दौरान लगभग 250 बच्चों को कंपास प्रदान किए गए .रोहित जैन रिंकू ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना और अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराना समाज की जिम्मेदारी है .उन्होंने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं .विद्यालय स्टाफने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यों से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है और शिक्षा के प्रति रूझान में वृद्धि होती है .



### एसडीएम ने स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण

**नवभारत,दमोह 13 दिसंबर।** अनुविभागीय अधिकारी दमोह आरएल बागरी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हिंडोरिया का औचक निरीक्षण किया गया . निरीक्षण के दौरान यहां संचालित एलटीटी कैंप के बारे में जानकारी ली गई व कैंप के दौरान हितग्राहियों की गई .व्यवस्था के बारे में जायजा लिया गया। इसके उपरांत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संचालित ओपीडी व वार्डो का निरीक्षण किया गया यहां मिलने वाली समस्त सुविधा लैब आदि की प्रशंसा की गई व साफ-सफ़ाई व अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए . निरीक्षण के दौरान डॉ अमित मिश्रा सीबीएमओ व हेमंत शुक्ला व अन्य स्टाफकी उपस्थिति रही .



### वंचित बस्तियों के बच्चों के साथ सृजन अभियान प्रारंभ

**नवभारत,दमोह।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर दमोह जिले के थाना कोतवाली व दमोह देहात अंतर्गत वंचित बस्तियों के बच्चों के साथ सृजन अभियान प्रारंभ किया गया .पुलिस अधीक्षक दमोह के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया दमोह के नोडल पर्यवेक्षण में 15 दिवसीय अभियान प्रारंभ किया गया . इस अवसर पर सूबेदार आकांक्षा जोशी सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

### हिंडोरिया धान खरीदी केंद्र से 250 बोरी वारदाना चोरी

**नवभारत,हिंडोरिया ।** हिंडोरिया धान खरीदी केंद्र में शाम में करीब 6 बजे एक ट्रैक्टर में लगभग 250 बोरी वारदाना चोरी होने की खबर लगी . खरीदी केंद्र के प्रबंधक अशोक पटेल द्वारा देखा गया कि बोरी चोरी हुई है और पता नहीं चल पा रहा कि कौन चोरी करके ले जा रहा था.तभी अशोक पटेल द्वारा थाना प्रभारी को फ़ोन पर बताया गया कि खरीदी केंद्र में बोरी की चोरी हो रही है . तभी मौके पर थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय व उनका स्टाफ मौके पर पहुंचा, जहां कार्रवाई की जा रही है .



## चेक बाउंस के आरोपी को मिली राहत

▶ नेशनल लोक अदालत में कई प्रकरणों का हुआ निपटारा

**नवभारत,पथरिया 13 दिसंबर।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दमोह के मार्गदर्शन में शनिवार को न्यायाधीश जूही सिंह एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति पथरिया द्वारा दीप प्रज्वलित कर कर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया।

नेशनल लोक अदालत में 35 आपराधिक प्रकरणों का एवं 3 चेक बाउंस प्रकरणों का जिसमें 1687411 रुपए की वसूली की गई। सभी प्रकरण पक्षकारों के आपसी सौहार्द एवं सहमति के आधार पर निराकरण किए गए साथ ही बैंक वसूली के 7 पीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया गया जिसमे 817300 रुपए की वसूली हुई तथा नगर पालिका के 9 पीलिटिगेशन प्रकरण जिसमें 57539/-रुपए की वसूली हुई।



### 9 वर्ष से न्यायालय में चल रहा था प्रकरण

न्यायालय में नेशनल लोक अदालत आयोजन में 13 लाख 63 हजार 460 रुपए चेक केस में कुरवाई के आरोपी लक्ष्मी चंद जैन को राहत मिली। दअरसल 9 वर्ष पहले उड़द की खरीदी के बाद 13 लाख से अधिक की राशि का चेक लक्ष्मीचंद द्वारा कमलेश चौधरी को दिया गया था, जो कि बैंक में डालने पर बाउंस हो गया था। गल्ला व्यापारी कमलेश चौधरी जो कि इस संपूर्ण मामले में परिवादी थे, ने बताया कि 25 सितंबर 2015 एवं 6 अक्टूबर 2015 को लक्ष्मीचंद जैन कुरबाई द्वारा मुझसे उड़द खरीदी गई थी, जिसका पैसा लगभग 25 लाख रुपए मुझे तीन किस्तों में दे दिया गया था, परंतु शेष 13 लाख से अधिक की राशि मुझे नहीं दी गई थी। जिसके बाद मैने कानून का सहारा लिया।

### दोनों पक्षों को समझाइश देकर मामला निपटाया

आपसी सामंजस्य से इस मामले का निपटारा न्यायाधीश जूही सिंह के समक्ष किया गया। इसमें मजिस्ट्रेट जूही सिंह ने दोनों पक्षों को पौधा प्रदान कर समस्त मामले को बंद करने का आदेश दिया। प्रकरण का निपटारा नेशनल लोक अदालत पथरिया में हुआ, जिसमें मुख्य मार्गदर्शी जूही सिंह प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट एवं अधिवक्ताओं की महासभा के बीच हुआ।

### मारपीट में आरोपियों को एक दिन का कारावास और जुर्माना

**नवभारत,दमोह 13 दिसंबर।** न्यायाधीश पंकज वर्मा की अदालत ने वर्तमान सरपंच और उनके परिवार से मारपीट करने के मामले में ग्राम मुआर के पूर्व सरपंच पति पप्पू सिंह उर्फ दशरथ सिंह लोधी, उसके पुत्र व दो भाइयों को दोषी पाते हुए एक दिन का कारावास तथा कुल 8 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है .मामले में म.प्र. शासन की ओर से पैरवी सरकारी वकील राजीव बद्री सिंह ठाकुर द्वारा की गई. सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि न तो कथित हथियार पेश किए गए और न ही सीटी स्कैन उपलब्ध है, जिससे मामला संदेहजनक है . अदालत ने स्पष्ट किया कि जब्त हथियार पेश नहीं होने से पूरा अभियोजन कथानक अविश्वसनीय नहीं हो जाता, यदि आहत के कथन और अन्य चिकित्सा साक्ष्य उससे मेल खाते हों . हालांकि सीटी स्कैन रिपोर्ट और संबंधित चिकित्सकों की गैरहाजिरी के कारण अदालत ने माना कि धारा 326 के गम्भीर आरोप सिद्ध नहीं होते . इसलिए न्यायालय ने आरोपियों को तीन व्यक्तियों से की गई मारपीट पर दोषी पाते हुए पूर्व में बिताए एक दिन के कारावास को सजा माना तथा कुल 8,000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।




## पशुपालकों व किसानों को दिया प्रशिक्षण

▶ सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत सीमेंट फैक्ट्री की पहल

**नवभारत,दमोह 13 दिसंबर।** हाईडलवर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड नरसिहगढ़ के सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) अन्तर्गत संचालित बाएफएकीकृत पशु उत्थान कार्यक्रम के तहत-ग्राम सूखा में एक दिवसीय एकीकृत पशु उत्थान कार्यक्रम व अन्नत कृषि तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया. इसमें सभी पशुपालकों ने भाग लिया, जिसमें पशुओं में होने वाली बीमारी व उनके लक्षण और उपचार के बारे में विस्तार से डॉ. बीएल साहू (सीनियर साइंटिस्ट केवीक दमोह), डॉ. डीके सिंह (केवीके दमोह) द्वारा सभी प्रकार की योजनाओं के बारे में बताया गया. कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच बाबूलाल पटेल सभी पशुपालक, किसान व मायसेम कम्पनी से जीएम माईंस अजय खरे, अरविंद श्रीवास्तव, आलोक तिवारी, निशांत चौरसिया एचआर डिपार्मेंट व परयोजना अधिकारी गौतम प्रसाद यादव उपस्थित रहे.

**समीक्षा** ▶ संभागायुक्त ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के संबंध में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से की चर्चा

# एसआईआर कार्य में राजनीतिक दलों की महत्वपूर्ण भूमिका : सुचारी

**नवभारत,दमोह 13 दिसंबर।** सभी लोगों के नाम मतदाता सूची में आ जाएं शुद्ध सूची बन जाए, इस कार्य में राजनीतिक दलों की महत्वपूर्ण भूमिका है, आप अपने मतदान केंद्र स्तर के प्रतिनिधियों को प्रक्रिया के बारे में बताते रहे, कोई परेशानी समस्या आने पर कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी को बताएं.

इस आशय की बात संभागायुक्त अनिल सुचारी ने जिला कार्यालय सभाकक्ष में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा के दौरान राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए कही। इस अवसर पर कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर, अपर कलेक्टर व उप -जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम विशेष रूप से मौजूद रहे.




### मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं नाम

संभागायुक्त सुचारी ने कहा जिला प्रशासन द्वारा लोगों की समस्याएं दूर करने के लिए टीमें बनाई गई है, जो लगातार काम कर रही है. लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया जा रहा है. उन्होंने कहा यदि किसी मतदाता का सूची में नाम नहीं है, इस दौरान अपना नाम जुड़वा सकते हैं. संभागायुक्त ने कहा कि हर सप्ताह कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आप लोगों के साथ बैठक कर रहे हैं. इससे कार्य में कोई परेशानी नहीं आयेगी.

### कलेक्टर ने कार्य प्रगति से कराया अवगत

इसके पूर्व कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने एसआईआर प्रथम चरण गणना प्रपत्र का वितरण व संकलन कुल मतदाताओं की संख्या, डिजिटलाइजेशन, एसआईआर में मतदाताओं की श्रेणी की जानकारी विधानसभा वार विस्तार से प्रस्तुत की. उन्होंने निर्देशित गतिविधियों व उनके कार्य प्रगति से भी अवगत कराया. कलेक्टर ने बताया सोशल मीडिया व प्रेस के माध्यम से मतदाताओं से अपील की गई, फेसबुक लाइव के माध्यम से बीएलओ और मतदाताओं की समस्याओं का निराकरण किया गया.

### दावा-आपत्ति 23 से कर सकते हैं

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया प्रारूप प्रकाशन 23 दिसंबर, दावा व आपत्ति 23 दिसंबर से 22 जनवरी 2026, नोटिस व सुनवाई 23 दिसम्बर से 14 फ़रवरी 2026 व अंतिम प्रकाशन 21 फ़रवरी 2026 को किया जाएगा. इसके साथ ही स्थानीय निर्वाचन, उप- निर्वाचन वर्ष 2025 जिसके तहत पंच पद हेतु 22, सरपंच पद हेतु 2 देवरान और निबौराकलां तथा जिला पंचायत सदस्य हेतु 1, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10 कुम्हारी में होना है. इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी.



### अंतर्राज्यीय लेदर बॉल क्रिकेट स्पर्धा आज से

**नवभारत,बटियागढ़ 13 दिसंबर।** एमएच क्लब के तत्वावधान में स्वर्गीय गिरीश सोनकिया की स्मृति में आयोजित अंतर्राज्यीय लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ रविवार से किया जा रहा है. टूर्नामेंट का पहला मुकाबला मध्यप्रदेश की जबलपुर टीम और उत्तरप्रदेश की ललितपुर टीम के बीच खेला जाएगा.

यह प्रतियोगिता स्व. गिरीश सोनकिया खेल परिसर में आयोजित की जा रही है. टूर्नामेंट को लेकर खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है. एमएच क्लब के अध्यक्ष आनंद त्रिवेदी ने बताया कि इस अंतर्राज्यीय प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों की कुल आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं.